पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल जी ने मैनपुरी में कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया

——————

राज्यपाल जी ने प्रगतिशील किसानों से उनकी खेती तथा उत्पादों की जानकारी ली

——————

कृषि विज्ञान केंद्र औषधीय पौधों को विकसित करें

——————

आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां 6 वर्ष तक के बच्चों, बालिकाओं, गर्भवती और धात्री महिलाओं को उचित पोषण के प्रति जागरूक करें–

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊः 3 सितम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद मैनपुरी भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर लो टन्नल पॉली हाउस, पोषक वाटिका, नेट/शेड हाउस, वर्मी कम्पोस्ट, नेडफ हाउस, एजोला यूनिट, मेडिशनल यूनिट तथा आर्गेनिक यूनिट सहित सभी आठ यूनिट्स का निरीक्षण किया।

बागवानी वैज्ञानिक डॉ विकास रंजन चौधरी ने राज्यपाल जी को केंद्र पर संचालित सभी यूनिट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि मेडिशनल यूनिट में केंद्र पर आठ प्रकार की तुलसी तथा अजोला यूनिट में धान के खेत तथा पशुओं के चारे में मिलाया जाने वाला पोषक उत्पाद उपलब्ध है। राज्यपाल जी ने पोषक वाटिका में होने वाले किचेन उत्पादों और उनके जन–उपयोग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केंद्र पर औषधीय पौधों को विकसित किया जाए, जिनका प्रयोग कोरोना जैसी घातक बीमारियों के विरुद्ध शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में किया जा सके।

राज्यपाल जी ने कृषि विज्ञान केंद्र पर महिला कृषकों तथा नयी तकनीक अपनाकर अपनी आय बढ़ाने वाले प्रगतिशील किसानों से भेंट कर उनकी खेती तथा उत्पादों की जानकारी ली। राज्यपाल जी ने कृषि विज्ञान केंद्र में लाल चंदन का पौधा भी रोपित किया।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने ट्रांजिस्ट हॉस्टल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित 06 समूह की महिलाओं को 39 लाख रु. के ऋण स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराते हुए समूह की महिलाओं से सीधे संवाद करते हुए कहा कि समूह की महिलाओं ने समूह के माध्यम से अपने परिवार, समाज, प्रदेश, देश की प्रगति में योगदान दिया है, आज प्रदेश में बड़ी संख्या में महिलाएं समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

इसके उपरान्त राज्यपाल जी आंगनवाड़ी केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित हुई और 6 वर्ष तक के बच्चों, बालिकाओं, जननी और धात्री महिलाओं को उचित पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी गांव के समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ी रहती है, इसलिए उसे उचित पोषण और इसकी आवश्यकता की जानकारी होती है, जिसे बताकर वो लोगों को पोषण के प्रति जागरूक कर सकती हैं। राज्यपाल जी ने कहा कि इस माह दिनांक 01 से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय स्तर पर पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने इस जन अभियान को वर्ष 2018 में संतुलित आहार के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारम्भ किया था, जिसे हम प्रतिवर्ष सितम्बर माह में पोषण सप्ताह और पोषण माह के रूप में आयोजित करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने 15 आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों के उपयोगार्थ फर्नीचर एवं खिलौनों तथा अन्य सामग्री का वितरण भी किया।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल मैनपुरी के नुमाइश पंडाल में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुईं और समारोह में 72 नवविवाहित दम्पतियों को सुखद एवं स्वस्थ वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर आबकारी, मद्य निषेध मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री, जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार राय, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, उप जिलाधिकारी भोगांव सुधीर कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

———————

(राजभवन 27/05)

श्रीमती आनंदीबेन
माननीय राज्यपाल
उत्तर प्रदेश
दिनांक:03-09-2021
द्वारा
राष्ट्रीय

आपका हार्दिक अभिनन्दन करता है
श्रीमती
माननीय राज्यपाल
उत्तर प्रदेश
दिनांक:03-09-2021
द्वारा